दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 25 जनवरी 2022 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 119

# बिना टीका लगे लोगों और 15 साल से कम के बच्चों को गणतंत्र दिवस समारोह में जाने की अनुमति नहीं



नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने दिशा-निर्देश जारी कर कहा है कि राजपथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में कोविड रोधी पूर्ण टीकाकरण करा चुके लोगों को ही शिरकत करने की इजाजत है तथा 15 साल से कम उम्र के बच्चों को कार्यक्रम में आने की अनुमति नहीं है।

पुलिस ने यह भी कहा कि लोगों को 26 जनवरी को राजपथ पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मास्क लगाने, एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखने समेत कोविड संबंधित सभी प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।

पुलिस ने ट्वीट किया कि समारोह में शामिल होने के लिए ÷जरूरी है कि कोविड रोधी टीके की दोनों खुराक लगवाई गई हों। आंगुतकों से आग्रह है कि वे अपना टीकाकरण प्रमाण पत्र लेकर आएं।

उसने कहा कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों को समारोह में आने की इजाजत नहीं है। गौरतलब है कि कोविड रोधी टीकाकरण अभियान पिछले साल 16 जनवरी को शुरू किया गया था और इस महीने से यह 15-18 साल के उम्र के किशोरों के लिए भी शुरू कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस ने दिशा-निर्देशों में कहा कि आंगुतकों के बैठने के लिए खंड सुबह सात बजे खोल दिए जाएंगे और वे इसके हिसाब से पहुंचे।

उसने कहा कि पार्किंग का स्थान सीमित है, लिहाज़ा आंगुतकों को सलाह दी जाती है कि वे कार पूल करें या टैक्सी का इस्तेमाल करें। पुलिस ने लोगों से वैध पहचान पत्र लाने और सुरक्षा जांच में सहयोग करने का भी आग्रह किया है।

पुलिस ने ट्वीट किया कि हर पार्किंग क्षेत्र में रिमोट नियंत्रित कार लॉक की चाबियों को जमा कराने की भी व्यवस्था है।

## राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत देश में अब तक 162 करोड़ 26 लाख कोविड टीके लगाये गये

नईदिल्ली (आरएनएस)। पिछले 24 घंटों में 27 लाख से अधिक वैक्सीन की खुराक देने के साथ ही भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज 162.26 करोड़ से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 1,75,24,670 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। पिछले 24 घंटों में 2,43,495 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 3,68,04,145 हो गई है। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 93.07 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 3,06,064 नए मरीज सामने आए हैं। वर्तमान में 22,49,335 सक्रिय रोगी हैं। वर्तमान में ये सक्रिय मामले देश के कुल पुष्टि वाले मरीजों का 5.69 प्रतिशत हैं। देश भर में जांच क्षमता का विस्तार लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में कुल 14,74,753 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 71.69 करोड़ जांच की गई हैं। देश भर में जांच क्षमता को बढ़ाया गया है, साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 17.03 प्रतिशत है, दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 20.75 प्रतिशत है।

# दिल्ली में कश्मीर का झंडा फहराने की धमकी, सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को फिर आई कॉल



नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को दूसरी बार धमकी मिली है। इस बार वकीलों को रिकॉर्डेड कॉल आया है। इसमें दिल्ली में कश्मीर का झंडा फहराने की धमकी दी गई है। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को खालिस्तान समर्थकों से जान से मारने की धमकी मिली थी। इसमें दर्जनभर से अधिक वकीलों ने धमकी भरे कॉल आने की शिकायत दर्ज कराई थी। वकीलों का दावा था कि ये कॉल उन्हें सिख फॉर जस्टिस की ओर से इंग्लैंड के नंबर से आए हैं। सारे कॉल ऑटोमेटेड हैं। कॉल के जरिए कहा गया है कि वो किसानों और पंजाब के सिखों के खिलाफ दर्ज मुकदमों में सुप्रीम कोर्ट में पीएम मोदी की मदद नहीं करें।

कुछ दिन पहले वकीलों ने दावा किया था कि उनको धमकी भरी क्लिप मिली है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन भी उन अधिवक्ताओं में शामिल हैं जिनको धमकी भरे ये कॉल आए हैं। इन कॉल रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। वकीलों का कहना था कि ये कॉल उन्हें सिख फॉर जस्टिस की ओर से इंग्लैंड के नंबर से आए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सिख फॉर जस्टिस संगठन ने 5 जनवरी को पंजाब में हुए पीएम मोदी के सुरक्षा में चूक की भी जिम्मेदारी ली थी। धमकी वाले कॉल में कहा गया है कि पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई में भाग न लें। इनकी दलील है कि 1984 सिख दंगों और नरसंहार में अब तक भी एक दोषी को सजा नहीं मिली है। इसलिए इस मामले की सुनवाई भी नहीं होनी चाहिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रचार के लिए वीडियो वैन के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश जारी, कई पाबंदियां लगायीं

नईदिल्ली (आरएनएस)। निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए वीडियो वैन के इस्तेमाल से जुड़े दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत वीडियो वैन के किसी भी स्थल पर 30 मिनट से ज्यादा समय तक रुकने पर पाबंदी लगाई गई है। कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने रैलियों के आयोजन पर लगा प्रतिबंध 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था। हालांकि, आयोग ने शनिवार को खुली जगहों पर कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ अधिकतम 500 दर्शकों की मौजूदगी में वीडियो वैन के जरिये प्रचार करने की इजाजत दी थी। आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एक पत्र जारी कर राजनीतिक दलों द्वारा वीडियो वैन के इस्तेमाल से जुड़े दिशा-निर्देश भी जारी किए थे। पत्र में कहा गया है, 'राजनीतिक दलों द्वारा वीडियो वैन का इस्तेमाल उनकी योजनाओं और घोषणाओं के प्रचार के लिए किया जा सकता है। इनके जरिये किसी प्रत्याशी विशेष के लिए वोट या समर्थन नहीं मांगा जा सकेगा। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अगर वीडियो वैन का प्रयोग किसी उम्मीदवार के प्रचार के लिए किया जाता है तो उसका खर्च संबंधित उम्मीदवार के खाते में दर्ज किया जाएगा। चुनाव पर्यवेक्षकों को ऐसे खर्चों पर करीबी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वीडियो वैन से सुबह आठ से रात आठ बजे के बीच ही प्रचार किया जा सकेगा।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर दो महिलाओं की मौत

मैगलगंज खीरी (आरएनएस)। मालगाड़ी की चपेट में आने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई लगभग दिन के एक बजे के पास हुई दुर्घटना की सूचना जब परिजनों को मिली तो तो दोनों महिलाओं के परिवार में कोहराम मच गया । खखरा नई बस्ती में रहने निवासी बुजुर्ग महिला शांति सोनी देवी पत्नी स्वर्गीय राम नारायण सोनी उम्र लगभग सत्तर वर्ष अपने पड़ोस की दूसरी महिला सुमन शर्मा पत्नी राजू शर्मा उम्र लगभग 35 वर्ष के साथ खखरा स्वास्थ्य केंद्र पर वैक्सीन लगवाने के लिए गई थी,वापस आते समय नवनिर्मित रेलवे ट्रैक पर चल रही थी, प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ऐसा प्रतीत होता है कि मालगाड़ी किस ट्रैक पर आ रही है यह समझने में गलती करने पर हुई दुर्घटना में दोनों महिलाओं को जान गवानी पड़ी।वही एक और कुछ लोगो का कहना था कि एक बच्ची को बचाने के चक्कर में यह दर्दनाक हादसा हुआ है। दुर्घटना की जानकारी जब परिजनों को हुई तो आनन-फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और शवो को घर ले आए सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर मैगलगंज चिरंजीवी मोहन ने दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया।

### रेलवे ट्रैक के खुले मिले नट बोल्ट, गुजरी तीन ट्रेन

अयोध्या (आरएनएस)। जनपद के जालपा नाला पर बने रेलवे पुल संख्या 297 पर ट्रैक के हुक व बोल्ट गायब मिलने की खबर मिलते ही अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। सोमवार को दिन भर विभाग के अधिकारियों की मीटिंगों का दौर चलता रहा। रेलवे सुरक्षा बल ने कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी है। वहीं आरपीएफ ने बोल्ट चोरी का केस दर्ज कर लिया है। खबर है कि पूरे मामले को गंभरीता से संज्ञान लेते हुए डीआरएम एसके सपरा ने मंडल सहायक अधिकारी (एडीईएन) बनवारी लाल व आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष राय को तलब किया है। चुनाव व गणतंत्र दिवस से ठीक पहले रामनगरी में बड़ी रेल दुर्घटना का षड्यंत्र सामने आया है। यहां रेल पुल के तीन हुक और तीन बोल्ट रातों रात खोल दिए गए। स्लीपर और पटरी को पुल से जोड़कर रखने में ये बोल्ट अत्यन्त महत्वपूर्ण होते हैं। रविवार सुबह जब तक रेल कर्मचारियों की नजर पड़ी तब तक तीन प्रमुख ट्रेनें इस पुल से गुजर गईं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर एल बराइक ने इस कृत्य से रेल हादसे की आशंका व्यक्त करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के थाना अयोध्या कैंट और कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी है।रेल पथ की निगरानी से जुड़े एक जिम्मेदार अधिकारी ने इसके पीछे बड़े षड्यंत्र की आशंका जताई है। रविवार सुबह एक रेल कर्मी ने देखा कि अयोध्या के जालपा नाला पर बने रेल पुल संख्या 297 पर बोल्ट लापता हैं।

# पूरे उत्तर भारत में सर्दी की मार, बारिश ने तोड़ा 121 साल का रिकॉर्ड

नईदिल्ली (आरएनएस)। रिकॉर्ड तोड़ बारिश और पहाड़ों पर भारी बर्फबारी ने पूरे उत्तर भारत को शीत की चादर से ढ़क दिया है। दिल्ली-एनसीआर व उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में तो ये हाल है कि सारा दिन अलाव के सामने बैठकर गुजर रहा है। उधर, दिल्ली के आसपास कोहरे की चादर भी छाने लगी है। हालत यह हो गए हैं कि दिन के समय दृश्यता शून्य के बराबर भी पहुंच जाती है। इसके अलावा कश्मीर, शिमला, उत्तराखंड के कुछ पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी ने भी जीना मुहाल किया हुआ है।

इस बार जनवरी के महीने में बारिश ने 121 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, साल के पहले महीने में इससे पहले इतनी बारिश 1901 में हुई थी। आईएमडी के मुताबिक, अब तक 88.2 मिलीमीटर बारश हो चुकी है। पालम में 110 मिलीमीटर बारिश हुई। इससे पहले 1989, जनवरी में 73.7 मिलीमीटर बारिश हुई थी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक हिमालय के इलाके में हल्की से मध्यम बारिश के कारण से दिल्ली-एनसीआर में आज भी हल्की बारिश की संभावना है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार से पश्चिम बंगाल तक के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के कारण औसतन तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। इससे गलन व ठंड और भी ज्यादा बढ़ेगी।

# पुणे-अहमदनगर रोड पर ट्रक से टकराई कार और दो मोटरसाइकिल

» हादसे में 5 लोगों की दर्दनाक मौत




पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र में पुणे-अहमदनगर रोड पर रविवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना हुआ है। जहां एक ट्रक ने एक कार और दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य पांच गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं, पांच घायलों को जिले के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों बाहर निकाला गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार में सवार 2 लोग और 2 मोटरसाइकिल पर सवार 3 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

दरअसल, पुणे-अहमदनगर रोड पर रविवार देर शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है। यहां मंचर के पास एक बाइक और डंपर के बीच आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हुई है। शिकारपुर पुलिस के मुताबिक, इस हादसे में कार में सवार 2 लोग और 2 मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। ये बाइक से जा रहे थे। जानकारी के अनुसार ट्रक ने कार और मोटरसाइकिल पर अचानक पीछे से टक्कर मारी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को रास्ते से हटाया गया। हादसे के चलते पुणे-अहमदनगर रोड कुछ देर के लिए जाम रहा।

वहीं, पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी मृतकों के शवों को जिला हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। इस दौरान पुलिस अधिकारी ने बताया कि वहीं, बाकी अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के रिश्तेदारों को इस हादसे की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से गाड़ी का ड्राइवर घटनास्थल से फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार गाड़ी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर विजन डॉक्यूमेंट का दूसरा खंड जारी किया

नईदिल्ली (आरएनएस)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईसीईए के साथ मिलकर आज इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 5 साल का रोडमैप और विजन दस्तावेज जारी किया, जिसका शीर्षक है 2026 तक 300 बिलियन अमरीकी डॉलर का सतत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात।यह रोडमैप दो-भाग वाले विजन दस्तावेज़ का दूसरा खंड है - जिसका पहला खंड भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और जीवीसी में हिस्सेदारी बढ़ानाशीर्षक के रूप में नवंबर 2021 में जारी किया गया था। यह रिपोर्ट विभिन्न उत्पादों के लिए वर्ष-वार विवरण और उत्पादन के बारे में अनुमान प्रस्तुत करती है, जो भारत के वर्तमान 75 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 300 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पावरहाउस के रूप में बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी। मोबाइल फोन, आईटी हार्डवेयर (लैपटॉप, टैबलेट), कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स (टीवी और ऑडियो), औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक पुर्जा, एलईडी लाइटिंग, स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स, पीसीबीए, पहनने योग्य और सुनने योग्यतथा दूरसंचार उपकरण उन प्रमुख उत्पादों में शामिल हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में भारत की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं (चार्ट देखें)। मोबाइल क्षेत्र का विनिर्माण मौजूदा 30 बिलियन अमरीकी डालर से बढ़कर 100 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य के वार्षिक उत्पादन से अधिक होने की संभावना है और इस महत्वाकांक्षी प्रगति में इसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उल्लेखनीय गति से दस्तावेजों और नीति से संबंधित सामग्रियों कोतैयार करने के प्रयासों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की पूरी टीम को बधाई दी और सराहना की। कार्यक्रम के दौरान, वैष्णव ने हाल ही में उनके साथ बातचीत के दौरान उद्योग जगत के नेताओं द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दों का भी समाधान किया। मोबाइल निर्माण में दोहरे नियमों के मुद्दे पर उद्योग की आशंकाओं का समाधान करते हुएवैष्णव ने कहा कि दूरसंचार विभाग मोबाइल निर्माण में प्रवेश नहीं करने जा रहा है और मोबाइल निर्माण नियामक व्यवस्था समान रहेगी।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मंत्रालय विश्व आर्थिक मंच में प्रधानमंत्री के हाल के वक्तव्य के अनुरूप भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को व्यापक और सघन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जहां उन्होंने कहा कि भारत मूल्य श्रृंखलाओं में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार के रूप में उभर रहा है।

# लखनऊ में सुपारी कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग का 34 घंटों से जारी है रेड

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक बड़ी खबर है कि पुराने लखनऊ के रकाबगंज इलाके में नरेंद्र अग्रवाल के घर के ठिकानों पर आयकर विभाग ने कार्रवाई कर 3 करोड़ की रकम बरामद की है। पता चला है कि छापे की कार्रवाई अभी जारी है। यह कार्रवाई गोंडा में हवाला कारोबारियों पर की गई कार्रवाई के बाद मिले इनपुट के आधार पर की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अग्रवाल के ठिकानों से अब तक करीब तीन करोड़ से अधिक की रकम जब्त की जा चुकी है। आयकर विभाग की टीम ने बीते शनिवार को यहां रकाबगंज के रुकमणी धर्मशाला के पास रहने वाले अग्रवाल के घर और दुकान पर छापेमारी शुरू की थी, जो अब तक जारी है। आयकर के करीब दो दर्जन से ज़्यादा अधिकारी इस मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं और अग्रवाल के घर के बाहर अब भी पुलिस फ़ोर्स मौजूद है। जांच में टैक्स चोरी के तमाम दस्तावेज बरामद होने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि आयकर अफसरों की टीम ने 21 जनवरी को गोंडा में रेड मारकर 65 लाख रुपये की नकदी बरामद की थी। सूत्रों के मुताबिक, वहीं से पूछताछ में नरेंद्र अग्रवाल का नाम सामने आया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ में पता चला कि यह रकम लखनऊ से लाई गई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की



नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेताओं के साथ बातचीत की। ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए वर्ष 2022 और 2021 के लिए पीएमआरबीपी के विजेताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। पुरस्कार विजेताओं को प्रमाणपत्र देने के लिए पहली बार इस तकनीक का इस्तेमाल किया गया था। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी और राज्य मंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई भी उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश के इंदौर के मास्टर अवि शर्मा के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने रामायण के विभिन्न पहलुओं के संबंध में उनकी महत्वपूर्ण रचनाओं के रहस्य के बारे में पूछताछ की। मास्टर अवि शर्मा ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सीरियल रामायण के प्रसारण के फैसले से उन्हें प्रेरणा मिली। अवि ने अपनी रचना के कुछ दोहे भी पढ़े। प्रधानमंत्री ने एक घटना सुनाई जब उन्होंने सुउमा भारती जी को सुना, जब एक बच्चे के रूप में, उन्होंने एक कार्यक्रम में अत्यधिक आध्यात्मिक गहराई और ज्ञान को दर्शाया था। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की मिट्टी में कुछ ऐसा है जो ऐसी अद्भुत प्रतिभा को जन्म देता है। प्रधानमंत्री ने अवि से कहा कि वह एक प्रेरणा स्रोत हैं और इस कहावत का एक उदाहरण हैं कि आप कभी भी बड़े काम करने के लिए छोटे नहीं होते।

कर्नाटक की कुमारी रेमोना इवेट परेरा के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने भारतीय नृत्य के प्रति उनके जुनून पर चर्चा की। उन्होंने उनके जुनून को आगे बढ़ाने में आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री ने बेटी के सपनों को साकार करने के लिए अपनी स्वयं की विपत्तियों की अनदेखी करने के लिए उनकी मां की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेमोना की उपलब्धियां उनकी उम्र से काफी बड़ी हैं और उन्हें बताया कि उनकी कला महान देश की ताकत को व्यक्त करने का एक तरीका है।

त्रिपुरा की कुमारी पुहाबी चक्रवर्ती के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने उनके कोविड से संबंधित नवाचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए अपने फिटनेस ऐप के बारे में भी प्रधानमंत्री को जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने उनके प्रयासों को लेकर स्कूल, दोस्तों और माता-पिता से मिलने वाले समर्थन के बारे में पूछा। उन्होंने खेल के साथ-साथ नया ऐप विकसित करने में लगने वाले समय में संतुलन बनाने के बारे में पूछा।

बिहार के पश्चिम चंपारण के मास्टर धीरज कुमार के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने उस घटना के बारे में पूछा जहां उन्होंने अपने छोटे भाई को मगरमच्छ के हमले से बचाया था। प्रधानमंत्री ने अपने छोटे भाई को बचाने के दौरान उनकी मनःस्थिति के बारे में पूछा और अब उन्हें जो प्रसिद्धि मिली है, उसके बाद वह कैसा महसूस कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और सूझ-बूझ की तारीफ की। धीरज ने प्रधानमंत्री से कहा कि वह एक फौजी के तौर पर देश की सेवा करना चाहते हैं।

पंजाब के मास्टर मीधांश कुमार गुप्ता के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने कोविड के मुद्दों के लिए एक ऐप बनाने की उनकी उपलब्धि के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि मीधांश जैसे बच्चों में उन्हें लगता है कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयास सफल हो रहे हैं और नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी प्रदाता बनने की प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट हो रही है।